**प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद**

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **19-09-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1 धार-दार हथियार से हमला करने का 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना कांठः-**




अवगत कराना है दिनांक 31.08.2025 को वादी शिवराम पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम अलीपुरा कुई थाना कांठ ने अभियुक्तगण द्वारा वादी व वादी के पिता व माता के साथ घर में घुसकर धारधार हत्यिार व सरिया आदि से मारपीट कर गाली गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0-216/2025 धारा-109(1)/333/115(2)/351(3)/352 बीएनएस बनाम जयप्रकाश आदि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 18.09.2025 की रात्रि में उ0नि0 श्री कार्तिक सिंह थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी **जयप्रकाश पुत्र खचेडू निवासी ग्राम अलीपुरा कुई थाना कांठ जनपद मुरादाबाद** को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपीः-**

जयप्रकाश पुत्र खचेडू निवासी ग्राम अलीपुरा कुई थाना कांठ जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-216/25 धारा-109(1)/333/115(2)/351(3)/352 बीएनएस

**2- पूजा करने के स्थल को तोडने व ग्रामवासियों को गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने किया गिरफ्तारः-**



अवगत कराना है दिनांक 18.09.2025 को वादी निवासी थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रांतर्गत ने आरोपी द्वारा कुऐ पर बने पूजा स्थल को लातमाकर पूजा के स्थान को तोड देने व ग्रामवासियों के द्वारा विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने आदि के सम्बन्ध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-374/2025 धारा-298/352/351(3) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 19.09.2025 को उ0नि0 श्री ओमकार सिंह थाना ठाकुरद्वारा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी सलाउद्दीन पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम सुरजननगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

सलाउद्दीन पुत्र इमामुद्दीन निवासी ग्राम सुरजननगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-374/2025 धारा-298/352/351(3) बीएनएस

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

उ0नि0 श्री ओमकार सिंह

उ0नि0 सतेन्द्र कुमार

हे0का0 राममोहन शर्मा,

का0 अनुज कुमार,

का0 अंकित मित्तल,थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

**3- अवैध चरस के साथ 01 आरोपी को थाना बिलारी पुलिस ने किया गिरफ्तारः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण तथा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, दिनांक 18.09.2025 की रात्रि में थाना बिलारी पुलिस द्वारा अभियुक्त अब्दुल कादिर पुत्र अहमद रजा निवासी मौहल्ला अंसारियान कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को 1134 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-445/2025, धारा 8/20 NDPS Act के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

अब्दुल कादिर पुत्र अहमद रजा निवासी मौहल्ला अंसारियान कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-445/2025, धारा 8/20 NDPS Act

**बरामदगीः-**

1134 ग्राम चरस

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

उ0नि0 श्री अमित कुमार
हे0का0 हरेन्द्रपाल सिंह
कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार,
कांस्टेबल अरविन्द कुमार, थाना बिलारी, मुरादाबाद

**4- एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के वांछित 01 अभियुक्त को थाना कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तारः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 07.09.2025 को थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत करबला में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति कमल चौहान पुत्र रमेश कुमार चौहान निवासी मौहल्ला डबल फाटक दससराय चौकी के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में मृतक के भाई वादी श्री संजय पुत्र रमेश सिंह चौहान निवासी मौहल्ला डबल फाटक दससराय चौकी के पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद द्वारा दी गई, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-556/2025 धारा-103(1)/109(1)/ 61(2) बीएनएस-2023 बनाम सनी दिवाकर आदि 06 नामजद पंजीकृत किया गया था। मौके पर उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण,वांछित/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर, मुरादाबाद के पर्यवेक्षण व नेतृत्व में थाना कटघर पर टीम का गठन हुआ। गठित टीम द्वारा दिनांक 18.09.2025 की रात्रि में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अनमोल कश्यप पुत्र अशोक कश्यप निवासी डबल फाटक सीतापुरी थाना कटघर को गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमन्चा 12 बोर व एक खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 9/25/27 शस्त्र अधिनियम की वृद्धि की गयी है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

अनमोल कश्यप पुत्र अशोक कश्यप निवासी डबल फाटक सीतापुरी थाना कटघर मुरादाबाद।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1-मु0अ0सं0 556/2025 धारा 109(1)/103(1)/61(2) बीएनएस-2023

**बरामदगी-**

1-एक अवैध तमंचा 12 बोर, 01 खोखा कारतूस 12 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

1.प्र0नि0 श्री संजय कुमार

2.उ0नि0 श्री चांदवीर सिंह

3.उ0नि0 श्री कपिल कुमार

4.का शुभम कुमार

5.का0 संजय कुमार

**5- शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**




अवगत कराना है दिनांक 17.09.2025 को वादिनी निवासिनी थाना मैनाठेर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करने एवं अश्लील वीडियो / फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देने, शादी करने के लिए कहने पर वादिनी व वादिनी के भाई को जान से मारने की धमकी देने आदि के सम्बन्ध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मैनाठोर पर मु0अ0सं0-196/2025 धारा-64(1)/308(5)/351(2) बीएनएस -2023 व 67 आईटी एक्ट बनाम फैजान आदि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 19.09.2025 को निरीक्षक अपराध श्री अजय कुमार थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी फैजान पुत्र शमीम निवासी मुडिया भीकन थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

फैजान पुत्र शमीम निवासी मुडिया भीकन थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0-196/2025 धारा-64(1)/308(5)/351(2) बीएनएस -2023 व 67 आईटी एक्ट

**गिरफ्तारी करने वाली टीम:**

निरीक्षक अपराध श्री अजय कुमार

हे0का0 शिवराज सिंह, थाना मैनाठेर, मुरादाबाद।

**6-जनपदीय पुलिस द्वारा 06 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 15 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 06 वारंटी तथा 13 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**वारंटीः-**

**थाना कटघर-01, थाना नागफनी-01, थाना गलशहीद-01, थाना मूढ़ापाण्ड़े-01, थाना कांठ-01, थाना सोनकपुर-01,**

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना पाकबड़ा-02, थाना कटघर-04, थाना गलशहीद-01, थाना बिलारी-02, थाना छजलैट-01, थाना सोनकपुर-01, थाना भगतपुर-03, थाना कुन्दरकी-01,**